# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 06.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जम्मू चिनाब और अंजी पुल का उद्घाटन किया। चिनाब पुल विश्व का सबसे ऊंचा आर्क पुल है। वहीं अंजी पुल भारत का पहला केबल आधारित रेल पुल है। दोनों पुल उधमपुर–श्रीनगर–बारामूला रेल लिंक–यूएसबीआरएल का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर दौरे के क्रम में वैष्णों देवी कटरा–श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके अलावा श्री मोदी ने कटरा में 46 हजार करोड रूपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन भी किया।

*******************

भारतीय रिजर्व बैंक, आरबीआई ने आज पिछली छह प्रतिशत रेपो दर को 50 आधार अंको में कटौती कर के साढे पांच प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। आरबीआई रेपो दर में लगातार तीसरी बार कटौती करने जा रहा है। नकद आरक्षित अनुपात– सीआरआर में भी सौ आधार अंको की कटौती की गई है। वहीं सीमांत स्थायी सुविधा– एमएसएफ और बैंक दर को पांच दशमलव सात–पांच पर समायोजित किया गया है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची के होटवार में मेधा मिल्क पाउडर प्लांट का शिलान्यास और भूमि पूजन किया। राज्य सरकार का यह पहला मिल्क पाउडर प्लांट है। लगभग 80 करोड़ की लागत से इसका निर्माण होगा। इस मौके पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की समेत राज्य के कई वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला है। श्री दास ने आज धनबाद स्थित बीसीसीएल गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि झारखंड में अंचल कार्यालय से लेकर सीएमओ कार्यालय तक भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने रांची में जमीन विवाद को लेकर बढ़ती हत्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

*******************

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कोडरमा में उपायुक्त ऋतुराज समेत अन्य वरीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास, अंबेडकर आवास योजना, मनरेगा, जेएसएलपीएस, मईयां सम्मान योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मौके पर मंत्री ने विशेष रूप से लाभुक महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने पर बल दिया।

*******************

शराब घोटाला मामले में एसीबी की कार्रवाई जारी है। एसीबी ने कारोबारी विनय कुमार सिंह और राजीव कुमार झा को नोटिस भेजा है। एसीबी को सूचना मिली है कि शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार निलंबित आईएएस विनय कुमार चौबे के ये दोनों करीबी हैं। एसीबी को यह भी जानकारी मिली है कि दोनों आरोपियों ने विनय कुमार चौबे के भ्रष्टाचार से अर्जित रुपयों को अपने व्यवसाय में निवेश किया है। एसीबी लगातार इस मामले की जांच कर रही है और जांच के बाद जल्द चार्जशीद दाखिल करेगी।

********************

राज्य में बकरीद का त्योहार कल मनाया जायेगा। इसे लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। वहीं नमाज को लेकर समय भी निर्धारित कर दिया गया है। इधर पुलिस मुख्यालय ने राज्य के सभी 24 जिलों में साढ़े पांच हजार अतिरिक्त जवानों की तैनाती का आदेश दिया है। इन जवानों में सशस्त्र बल से लेकर लाठी बल तक शामिल होंगे, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। रांची, गिरिडीह, हजारीबाग और पलामू जैसे संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं। असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

********************

उधर जमशेदपुर में बकरीद को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। पुलिस ने बकरीद के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए गोलमुरी में मॉक ड्रिल किया। इस मौके पर उपद्रव फैलाने की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूर्वाभ्यास किया गया।

********************

मौसम विभाग ने आज राज्य के पूर्वी, दक्षिणी और इसके निकटवर्ती मध्य हिस्सों में कहीं–कहीं गरज के साथ बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार आगामी बारह जून तक राज्य के कई इलाकों में गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है।

********************